सार्वजनिक नियुक्तियाँ

कार्यालयः— जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, करनाल ।

जिला करनाल में आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी हैल्परों के रिक्त पदों को भरने हेतु साक्षात्कार की तिथि 05.08.2019 निश्चित की गई है। उम्मीदवारो का साक्षात्कार अतिरिक्त उपायुक्त करनाल की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एंव बाल विकास (महिला आश्रम काम्पलैक्स) करनाल के कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे आरंभ होगा। आंगनवाड़ी हैल्परो के पद हेतु महिला उम्मीदवार उसी गाँव/वार्ड की स्थाई निवासी होनी अनिवार्य है। आयु 18 वर्ष से 44 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन प्राप्ति की अतिंम तिथि को आवेदक की अधिकतम आयु निर्धारित आयु अनुसार होनी चाहिए। आंगनवाड़ी हैल्पर के पद के लिए न्यूनतम योग्यता पाँचवी पास निर्धारित है। सभी उम्मीदवार साक्षात्कार के समय अपने मूल दस्तावेज (शैक्षणिक योग्यता, स्थाई निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र यदि उम्मीदवार विधवा हो तो प्रमाण पत्र) सहित उपस्थित होवें। उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र सम्बधित बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके उसी कार्यालय में ही दिनांक 29.07.2019 सांय 5.00 बजे तक जमा करवाने होंगें। यदि कोई उम्मीदवार पंच, सरपंच अथवा अन्य किसी पद पर कार्यरत होगी तो उसे आंगनवाड़ी हैल्पर के पद पर चयनित होने पर पंच, सरपंच अथवा कोई अन्य पद जिस पर वह कार्यरत है, छोड़ना होगा। अधिक जानकारी हेतु सम्बधित खण्ड की महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय से सम्पर्क करें। पदो की संख्या/श्रेणी निम्न प्रकार से है। आंगनवाड़ी हैल्पर के पदों पर आरक्षण लागू नहीं है। आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्र एंव अन्य प्रपत्र आवेदक द्वारा स्वय सत्यापित किये हुये भी मान्य होंगे।

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	गांव का नाम जंहा आंगनवाडी हैल्परों का पद रिक्त है।	आ0 हैल्पर के रिक्त पदों की संख्या
1	करनाल (ग्रा0)	गांव मोहिद्दीनपुर	1
2	—सम—	गांव कुंजपुरा	1
3	—सम—	गांव मैनमती	1
4	निसिंग	गांव गोन्दर	2
5	—सम—	गांव मोतिया	1
6	—सम—	गांव अलीपुरा वीरान	1
7	—सम—	गांव बस्तली	1
8	—सम—	वार्ड न0 10, निसिंग	1

O/C जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
करनाल